## मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

# (ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

## केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

### दिनांकः 08 मई 2018

## जोधपुर

### जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

| मौसमी तत्व / दिनांक | 09/05/18 | 10/05/18 | 11/05/18 | 12/05/18 | 13/05/18 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मि.मी.) | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अधिकतम तापमान (°सेल्सियस) | 39 | 40 | 41 | 42 | 43 |
| न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस) | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| बादलों की स्थिति (ओक्टा) | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह | 69 | 68 | 63 | 62 | 61 |
| सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम | 19 | 15 | 16 | 15 | 12 |
| हवा की गति (कि.मी/घंटा) | 12 | 9 | 12 | 11 | 7 |
| हवा की दिशा | दक्षिण | दक्षिण–पश्चिम | पश्चिम | पश्चिम | पश्चिम |

### मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

| फसल | अवस्था | सलाह |
|---|---|---|
| भिण्डी | फल | भिण्डी की फसल में पीतशीरा मोजेक रोग स्वाधिक हानी पहुचानें वाला रोग है इस रोग में पत्तियों की शीराएं पीली पड़ जाती है तथा कुछ समय बाद पत्तियां व फल पीले पड़ जाते है। इसके नियंत्रण हेतु एसीटामीप्रिड 5 मि.ली. का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करे। |
| बैंगन | फल | बैंगन की फसल में फल छेदक कीट की लटे फल में छेद कर अन्दर से गुददे को खाती है इसके नियंत्रण हेतु प्रभावित फलों को तोडकर मिट्टी में दबाएं तथा क्यूनालफॉस 1 मि.ली. का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करे। |
| खरबूजा व तरबूज | फल | खरबूजा व तरबूज में फल मक्खी के प्रकोप से फल सड़ने लगते है फल मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु मैलाथियान 50 ई.सी. 1 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें। |
| पशु | | धूल भरी हवाऐं तथा परिर्वतनशील मौसम को देखते हुए पशुओं को पशुशाला में बाधें।<br>इस मौसम मे हरे चारे की कमी से पशुओं मे विटामिन–ए की कमी हो जाती है। अतः इसके लिए पशुओं को विटामिन–ए युक्त लवण मिश्रण दें। |

(नौडल ऑफीसर)